**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

## कैंसर रोगी के दर्द को बांटने की कोशिश करें - राज्यपाल

लखनऊ: 4 फरवरी, 2016

विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में कैंसर एड सोसायटी द्वारा विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने कहा कि समाज में कैंसर के प्रति सत्त जागरूकता लाने की जरूरत है। उचित समय पर जांच और इलाज से कैंसर पर विजय प्राप्त की जा सकती है। कैंसर रोगी को ठीक करने में चिकित्सक की कुशलता एवं प्रोत्साहनयुक्त शब्द महत्वूपर्ण होते हैं। चिकित्सक कैंसर रोगी और उसके परिजन को हताशा से बचायें। रोगी की इच्छाशक्ति और चिकित्सक का विश्वास इलाज में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि कैंसर रोगी के दर्द को बांटने की कोशिश करें। राज्यपाल ने कार्यक्रम में बताया कि 21 वर्ष पहले उनको भी कैंसर हुआ था पर उन्होंने विदेश में इलाज न कराकर देश में इलाज कराया और वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं।

राज्यपाल ने कहा कि देश में कैंसर के कारण सबसे ज्यादा मृत्यु हो रही है। विज्ञान के माध्यम से कैंसर रोग के उपचार में बहुत प्रगति हुई है। कैंसर रोगी में आत्मविश्वास जगाने की जरूरत है। कैंसर रोग के प्रति जागरूकता पैदा करना महत्व का काम है। स्वयं सेवी संस्थायें कैंसर से बचाव के तरीकों का समाज में प्रचार-प्रसार करें। कई संस्थाएं मोबाइल कैंसर जांच वाहन के माध्यम से कैंसर रोग की रोकथाम में सहयोग कर रही हैं। उन्होंने जागरूकता कार्यक्रम को बडे पैमाने पर आयोजित करने का भी सुझाव दिया।

श्री नाईक ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए आहार, विहार एवं विचार को संयमित एवं संतुलित होना चाहिए। जीवन में व्यायाम प्रतिकार क्षमता को बढ़ाता है। स्वस्थ होने से सोच भी स्वस्थ होती है। ऐसी भावना स्वयं को सुखी रखती है और दूसरों की मदद के लिए भी प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि स्वयं सेवी संस्थायें आंदोलन चलाकर समाज को प्रोत्साहित करें तभी विश्व कैंसर दिवस सार्थक होगा।

प्रमुख सचिव स्वास्थ श्री अरविन्द कुमार ने कहा कि असंक्रमित रोग की संख्या बढ़ रही है। जीवन शैली में बदलाव के कारण ऐसी बीमारियों को बढ़ावा मिला है। सरकार द्वारा कैंसर के लिए एक विशेषज्ञ संस्थान बनाया जा रहा है। योजना के अनुसार महिलाओं में कैंसर की जांच के लिए 5 जनपद चिन्हित किये गये हैं। शीघ्र ही अन्य जनपदों को योजना में सम्मिलित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कैंसर के विरूद्ध काम करने वाली स्वयं सेवी संस्थाओं को प्रदेश सरकार सहयोग करेगी।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कैंसर पर विजय प्राप्त करने वाले श्री मोहम्मद अली, सुश्री कान्ति सिंह व अन्य लोगों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अभियान को डिजायन करने वाले इंटीग्रल विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष श्री प्रभाकर गुप्ता ने कैंसर एड सोसायटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा धन्यवाद ज्ञापन डाॅ0 डी0पी0 गुप्ता ने दिया।

------

अंजुम/ललित/राजभवन(45/4)

occasion of World Cancer Day February 4th, 2016
Cancer Aid Society welcomes
''Shri Ram Naik
Hon'ble Governor,
Uttar Pradesh''
Chief Guest at the Inaugural Ceremony of
the Advocacy Project supported by
American Cancer Society,
WORLD CANCER D
2016
"Workshop on Cervi
the Advocacy Project supp

On the occasion of World Cancer Day February 4th, 20
Cancer Aid Society welcomes
''Shri Ram Naik
Hon'ble Governor,
Uttar Pradesh''
the Advocacy Project supported by

On the occasion of World Cancer Day February 4th, 2016
Cancer Aid Society welcomes
''Shri Ram Naik
Hon'ble Governor,
Uttar Pradesh''
As Chief Guest at the Inaugural Ceremony of
the Advocacy Project supported by
American Cancer Society, USA

Cancer Day February 4th, 2016
Cancer Aid Society welcomes
''Shri Ram Naik
Hon'ble Governor,
Uttar Pradesh''
As Chief Guest at the Inaugural Ceremony of
the Advocacy Project supported by
American Cancer Society, USA
WORLD CANCER DAY
2016
"Workshop on Cervix Canc
WORLD CANCER DAY2016
WE CAN. I CAN.
WORLDCANCERDAY.ORG
JOIN US ON 4 FEB